of Indian films and other audio visual products in a coordinated manner.

These initiatives have generally been welcomed and the legal and administrative modalities in this regard are being formulated in consultation with the concerned Ministries/Departments and organisations.

Proposal for making uplinking from India mandatory

1471. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of INFORMATION & BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government propose to make it mandatory for foreign broadcasting industries to uplink from India;

(b) if so, whether the foreign TV channels are highly involved in telecasting obscene programmes;

(c) if so, by when a decision to control the foreign channels is likely to be taken; and

(d) the details of the steps taken by the Government to telecast better quality programmes on Doordarshan and to compete with the foreign channels?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): (a) to (c) While there is no such proposal as yet, this is likely to be part of the Broadcast Bill which the Government is considering. The proposed Broadcast Bill would, inter-alia, enable regulation of foreign TV channels specially in respect of programme content and advertisement code.

(d) It has always been the endeavour to telecast quality programmes on Doordarshan catering to educational, information and entertainment needs of both general viewers as well as specific audiences.

बिहार के त्रिमुहानीघाट में टी.वी. टावर की स्थापना

1472. **श्री ईश दत्त यादव**: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या सरकार बिहार में त्रिमुहानीघाट, बहेड़ा, दरभंगा में टी0वी0 टावर स्थापित करने पर विचार कर रही हैं;

(ख)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग)यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ)क्या टी0वी0 टावर स्थापित करने हेतु कोई मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(ड.)क्या त्रिमुहानीघाट टी0वी0 टावर खोलने के सभी निर्धारित मानदण्डों को पूरा करता हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संचार मंत्री (**श्रीमती सुषमा स्वराज**): (क) से (ड.) हालांकि बिहार के दरभंगा जिले में त्रिमुहानीघाट, बहेड़ा, में टी0वी0 ट्रांसमीटर स्थापित करने के लिए वर्तमान में, कोई अनुमोदित स्कीम नहीं हैं। तथापि, दूरदर्शन परियोजनाओं के लिए स्थानों के बारे में निर्णय करते समय स्थान की उपयुक्तता, निधियों एवं आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता परिणामी कवरेज की सीमा और सम्बद्ध प्राथमिकताओं जैसे घटकों को ध्यान में रखते हुए दूरवर्ती, पहाड़ी, जन जातीय और सीमावर्ती क्षेत्रों सहित सम्पूर्ण देश में दूरदर्शन अपनी सेवाओं का चरणबद्ध रूप से विस्तार/उन्नयन करने के लिए सत्त रूप से प्रयास करता रहा हैं।

दूदर्शन द्वारा अभियंताओं / तकनीक कर्मचारियों के साथ सयमझौते पर हस्ताक्षर किया जाना

1473. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या दूरदर्शन ने हाल ही में अपने अभियंमताओं और अन्य तकनीकी कर्मचारियों के संघ के साथ उत्पादकता आधारित वेतनमान संबंधी किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ख)यदि हां, तो इस समझौते की मुख्य बातें और नियम व शर्तें क्या हैं;

(ग)क्या दूदर्शन का, कुछ अन्य श्रेणियों के कर्मचारियों के साथ भी उत्पादकताआधारित वेतनमान संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर करने का विचार हैं;

(घ)क्या उक्त समझौते के कारण दूरदर्शन के तकनीकी और गैर-तकनीकी कर्मचारियों में असमानता उत्पन्न हो गई हैं;

(ड.)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा हैं; और

(च)यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संचार मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) जी, नहीं।

(ख)प्रश्न नहीं उठता।

(ग)जी, नहीं।

(घ) से (च) प्रश्न नहीं उठते।

प्रसारण क्षेत्र के विस्तार हेतु निधियां जुटाया जाना

1474. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ल**: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या देश में प्रसारण क्षेत्र के विस्तार के लिए सरकार द्वारा संसाधन जुटाए जाने की आवश्यकता होगी;

(ख)यदि हां, तो प्रसारण क्षेत्र में इस राशि के निवेश करने के मुख्य चैनल कौन-कौन से हैं;

(ग)क्या सरकार ने इस राशि के निवेशार्थ कोई चरणाबद्ध कार्यक्रम तैयार किया हैं; और

(घ)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संचार मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) प्रसारण क्षेत्र का विस्तार एक सतत प्रक्रिया हैं और यह उपलब्ध संसाधनों पर निर्भर करता हैं। प्रसार भारती द्वारा संसाधनों का आन्तरिक रूप से सृजन करके और बजटीय सहायता से प्रसारण क्षेत्र के अधिकांश व्यय की पूर्ति की जाती हैं। सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ कोई अन्य संसाधन जुटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं हैं।

(ख)से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

हिसार में आकाशवाणी केन्द्र का निर्माण कार्य

1475. **श्री रामजीलाल**: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री दिनांक 23 जुलाई, 1996 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 914 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या हिसार में निर्माणधीन आकशवाणी केन्द्र तथा चर्खी-दादरी में दूरदर्शन के दो अल्प शक्ति ट्रांसमीटर लगाने का कार्य पूरा हो गया हैं

(ख)यदि हां, तो क्या इन केन्द्रों के लिए पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध करवाए गए है;

(ग)यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और निर्माण कार्य संबंधी कार्य को कब तक पूरा कर लिया जाएगा और कर्मचारी कब तक उपलब्ध करवा दिए जाएंगे; और

(घ)क्या रोहतक दूरदर्शन केन्द्र को कर्मचारी उपलब्ध करा दिए गए हैं और क्या इस केन्द्र ने काम करना शुरू कर दिया हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संचार मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) जी, हां। कुछ लघु निर्माण कार्य के अलावा आकाशवाणी केन्द्र, हिसार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया हैं। चर्खी-दादरी मे दो, अल्प शक्ति टी.वी. ट्रांसपोर्ट की स्थापना का कार्य भी पूरा नहीं लिया गया हैं।

(ख)और (ग) आकाशवाणी केन्द्र, हिसार के लिए स्टाफ पहले स्वीकृत किया जा चुका हैं और जुलाई, 1998 के अन्त तक इस केन्द्र के चालू किए जाने के लिए तैयार हो जाने की आशा हैं। रंडियो केन्द्र को चालू किए जाने की वास्तविक तिथि से एक माह पहले स्टाफ तैनात किया जाएगा। जहां तक दूरदर्शन का संबंध हैं, चर्खी-दादरी स्थित अल्प शक्ति टी.वी. ट्रांसमीटरों के लिए आंशिक स्टाफ स्वीकृत कर दिया गया है और स्टाफ को तैनात करने संबंधी कार्यवाही शुरू कर दी गई हैं।

(घ) रोहतक स्थित अल्प शक्ति टेलीविजिन ट्रांसमीटर से इस परियोजना हेतु स्वीकृत आंशिक स्टाफ की सहायता से अंशकालिक प्रसारण पहले ही शुरू कर दिया गया हैं।

हिसार में टी.वी. स्टूडियो / उच्च शक्ति ट्रांसमीटर (एच.पी.टी.)

1476. **श्री रामजीलाल :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री दिनांक 30 जुलाई, 1996 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1514 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा कोंगे कि:

(क)हिसार में बनाया जाने वाला टी.वी. स्टूडियो और उच्च शक्ति ट्रांसमीटर लगाने का काम कब शुरू होने की संभावना हैं और इसे कब तक पूरा कर लिया जाएगा;

(ख)इस संबंध में विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग)इस में और अधिक विलम्ब न हो इसके लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?